Seventeenth Loksabha

an>

Title : Need to construct Chakia - Bairgania road in Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर (बिहार)अंतर्गत गुजरने वाली एक महत्वपूर्ण सड़क चकिया से बैरगनिया की और आकृष्ट कराना चाहती हूँ । ज्ञात हो कि उक्त चकिया से बैरगनिया सड़क को लगभग पांच वर्ष पूर्व सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भारतमाला परियोजना में शामिल किया गया था । परन्तु दुःख के साथ सदन को यह यह सूचित करना पड़ रहा है कि उपरोक्त सड़क मार्ग पर अभी तक कोई भी काम शुरू नहीं हुआ है और जगह जगह गड्ढे हो गए है जिसके कारण यहाँ से वाहनों की आवाजाही में दिक्कत हो रही है । पूर्वी चम्पारण जिले से सीतामढ़ी जिले सहित भारत नेपाल सीमा को जोड़ने वाले इस सड़क की स्थिति जर्जर होने से इसके आस पास अवस्थित गांवों का विकास कार्य भी अवरुद्ध है तथा इसका आवागमन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पद रहा है । उक्त सड़क को भारतमाला परियोजना में शामिल किये जाने के बाद वर्तमान में न तो केंद्र सरकार द्वारा और न ही राज्य सरकार द्वारा इस महत्वपूर्ण सड़क का रखरखाव या निर्माण कार्य किया जा रहा है ।

अतः सरकार से अनुरोध होगा कि उपरोक्त चकिया से बैरगनिया सड़क का शीघ्र निर्माण कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये ।